हिन्दुस्तान
22
फरीदाबाद • मंगलवार • 26 मार्च 2019

'राजनीति के मूल्यों में गिरावट'

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज के राजनीतिशास्त्र विभाग में सोमवार को अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में उभरती चुनौतियां विषय पर मंथन हुआ। इसमें बतौर प्रमुख वक्ता शहीद भगतसिंह महाविद्यालय (दिल्ली विश्वविद्यालय) के प्रवक्ता डॉ.रणजीत सिंह ने कहा कि आज विचारधाराओं व नैतिक मूल्यों में गिरावट आ रही है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दल विचारधाराओं पर ध्यान न देते हुए सत्ता के पीछे भाग रहे हैं और आपस में इसके लिए समझौते कर रहे हैं। पहले दलों के कार्यकर्ता धरातल पर कार्य करते थे। आज कौशलपूर्ण लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों का प्रचार किया जाता है। आज की राजनीति व्यक्ति के ईद-गिर्द घूमती है।(ह.सं.)